Source: दैनिक जागरण 8 August 2016

ई ग्रंथालय बताएगा कहां है आपके काम की किताब

अखिलेश कुमार

- सरकारी विभागों के लाइब्रेरी की क्लाउड के ई-ग्रंथालय में सूची तैयार होगी
- किस अधिनियम या कानून संदर्भ की किताब कहां है इसकी ऑनलाइन जानकारी उपलब्ध होगी

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के किस बिभाग में या किस अधिकारी के पास दूसरे विभाग के जरूरत की किताब पड़ी है, ये ई ग्रंथालय एक क्लिक में बता देगा। ई ग्रंथालय प्रोजेक्ट से सरकारी विभागों की सभी लाइब्रेरी को जोड़ने की दिशा में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने काम शुरू किया है। भविष्य में सरकार की सार्वजनिक लाइब्रेरी को भी इससे जोड़ा जा सकता है। शुरुआत दिल्ली सचिवालय की लाइब्रेरी से की जा रही है। इसकी हर किताब की जानकारी ई ग्रंथालय सॉफ्टवेयर के क्लाउड में दर्ज की जा रही है।

दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि अलग-अलग विभागों को अलग-अलग तरह की किताब, संदर्भ किताब, अधिनियम, कानून की किताबों की जरूरत होती है।

कई बार एक विभाग को जो किताब चाहिए होती है, वो पड़ोस के सरकारी विभाग के दफ्तर में होती है लेकिन पता नहीं होता। ई ग्रंथालय से विभागों की लाइब्रेरी जुड़ने से संबंधित विभाग का अधिकारी तुरंत अपने लॉगिन से ढूंढकर उस किताब को मंगा सकेगा। किताब किस रेक में है या किस अधिकारी को इश्यू है, ये भी पता चल सकेगा।

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी का कहना है कि ये ई लाइब्रेरी नहीं है। इसमें किताबें डिजिटल नहीं की गई हैं बल्कि ये जानकारी ऑनलाइन की जा रही है कि किस विभाग की लाइब्रेरी में कौन-कौन सी किताबें पड़ी हैं, कहां रखी हैं या किसे जारी की गई हैं।

भविष्य में सभी विभागों की लाइब्रेरी ई-ग्रंथालय प्रोजेक्ट से जुड़ जाएगी। इससे कई विभागों को नई किताब खरीदने की जरूरत नहीं होगी बल्कि जहां इस्तेमाल नहीं हो रही है, वहां से मंगाई जा सकेगी। इस प्रोजेक्ट से भविष्य में सार्वजनिक पुस्तकालय में भी जोड़े जा सकेंगे।